### अलग बनाये खरीदी केंद्र, स्लाट बुक समस्या को तत्काल कराये दूर, राज्यपाल और सीएम के नाम सौपा ज्ञापन

# अव्यवस्थाओं से भड़के किसान : कहा- 24 घंटे में मांगे पूरी नहीं हुई तो करेंगे चकाजाम एवं आमरण अनशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



जिले में समर्थन मूल्य पर गेंहूँ खरीदी का कार्य के लिए बहोरीबंद विकासखंड क्षेत्र में जो साइलो बैग खरीदी केंद्र की व्यवस्था की गईं वह किसानों के लिये मुसीबत का सबब बन गई है। साइलो बैग में किसानों को अपनी उपज विक्रय को लेकर हो रही भारी समस्या के चलते अब क्षेत्र के किसान प्रशासन ओर शासन के खिलाफ विरोध में उतर आये है।

बुधवार को कुआँ, हथियागढ़, जुजावल, केवलारी ओर बहोरीबंद क्षेत्र के किसानों ने शासन व प्रशासन के खिलाफ हल्ला बोल करते हुए राज्यपाल, मुख्यमंत्री व कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंप कर मांग की गईं कि साइलो बैग खरीदी से क्षेत्र के आधा दर्जन खरीदी केंद्र अलग कर पहले की तरह स्थापित करें, जिससे किसानों को अपनी उपज विक्रय करने लंबी दूरी ओर विभिन्न परेशानियों का सामना करना न पड़े जिसमें क्षेत्र के कुआँ व जुजावल खरीदी केंद्र संयुक्त खोले जाये, बचैया खरीदी केंद्र में हथियागढ़ केंद्र संयुक्त रूप से खोला जाये। ठीक इसी प्रकार से बहोरीबंद व केवलारी खरीदी केंद्र भी संयुक्त रूप से खोले जाये। स्लाट बुक समस्या जो आ रही है उसे दूर किया जाये, स्लाट बुक होने के वाबजूद भी जिन किसानों की उपज खरीदी नही हो सकी उनकी उपज खरीदी जाये जिन किसानों की अभी तक स्लाट बुक नही हो पाई उन किसानों को स्लाट बुक कराने हेतु पोर्टल खोला जाये। यदि उक्त मांगो का निराकरण 24 घंटे में नही होता तो फिर किसान चक्काजाम व आमरण अमशन करने के लिए मजबूर होगा।

इस दौरान एसडीएम राकेश चौरसिया व सहायक आपूर्ति अधिकारी पीयूष शुक्ला ने किसानों की समस्याएं सुनी और आश्वासन दिलाया कि कलेक्टर के समक्ष उक्त मांगो के निराकरण के लिए बात रखी जायेगी। समस्याओ का निराकरण हो इसके लिए हरसंभव प्रयास किये जायेंगे। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री सुनील जयरत्नम, भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेश व्यौहार, भाजपा नेता सुरेन्द्र गुप्ता,जनपद सदस्य महेंद्र हल्दकार सरपंच राजेन्द्र साहू, आशु नायक,अमित साहू, पुष्पेन्द्र सिंह सेंगर, सुबोध दुबे, अनार सिंह पटेल,राजा दुबे,वीरु नायक, अवधेश यादव,मंगल सिंह,विनोद सैनी, लोकनाथ द्विवेदी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

### तीन -चार दिनों से उपज की विक्रय कराने कराने करना पड़ रहा रतजगा

बहोरीबंद विकासखंड क्षेत्र में समर्थन मूल्य पर गेंहूँ उपार्जन के लिए बनाया गया साइलो बैग खरीदी केंद्र किसानों के लिए भारी परेशानी का सबब बन गया है यहाँ किसानों की समस्याएं कम होने का नाम नही ले रही है।



किसानों की समस्याओ को जानने जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक कुंवर सौरभ सिंह पटोरी स्थित गेहूं उपार्जन केन्द्र सायलो पहुंचे। यहां उन्होंने खरीदी केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही किसानों, से चर्चा की जिस पर किसानों ने बताया कि दो -तीन दिन तक ट्रेक्टर ट्राली में गेहूं लेकर खड़े हैं।अब तक नंबर नहीं आया है। यहां कोई व्यवस्था नहीं है जिससे किसानों को बहुत परेशानियां उठानी पड़ रही है। किसानों ने यह भी बताया कि भीषण गर्मी में परेशान होना पड़ रहा है और तो और पेयजल व्यवस्था भी नहीं है। कुछ किसानों ने बताया कि दिनभर में गेहूं की तुलाई होने से रात गुजराना पड़ रहा है जिससे बहुत दिक्कत के साथ अनाज की चोरी भी हो रही है। सौरभ सिंह से मांग कि रात में अगर गेहूं की तुलाई होने लगे तो काफी हद तक किसानों की परेशानियां दूर हो जाएगी जिस पर उन्होंने जिला प्रशासन के उच्च अधिकारियों से सायलो केन्द्र में किसानों की भीड़ भाड़ और मार्गों पर ट्रेक्टर ट्राली की लंबी लाइनों के मद्देनजर और किसानों की परेशानियों को देखते हुए रात्रि में गेहूं तुलाई कराने की बात कही। उच्च अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि जल्द ही रात्रि में गेहूं की तुलाई शुरू कर दी जाएगी। इसके पश्चात जिला कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ सिंह ने सायलो केन्द्र की व्यवस्था का जायजा लेकर प्रबंधन से बातचीत करते हुए किसानों को होने वाली समस्याओं को दूर करने और समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।इस दौरान जिला कांग्रेस महामंत्री अजय गर्ग, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र सैनी, रंजीत सिंह,सायलो केन्द्र प्रबंधक पुष्पेन्द्र पटेल सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### कार ने आटो को मारी टक्कर, 8 छात्राएं सहित चालक हुआ घायल

**कटनी।** माधव नगर थाना क्षेत्र के कटनी-जबलपुर मार्ग पर बिलहरी मोड़ के पास बुधवार को तेज रफ्तार कार ने ऑटो को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ऑटो पलट गया। इस हादसे में सात छात्राएं और ऑटो चालक घायल हो गए। जानकारी के अनुसार झुकेही निवासी बीए प्रथम वर्ष की छात्राएं प्रैक्टिकल परीक्षा देने शासकीय कन्या महाविद्यालय जा रही थीं। इसी दौरान पीछे से आ रही कार ने ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने ऑटो में फंसी छात्राओं को बाहर निकाला और पुलिस व एम्बुलेंस को सूचना दी। सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। घायल छात्राओं में कुमकुम रजक, अजनी लोधी, माया गैलरी, खुशी विश्वकर्मा, सीमा यादव, ललिता सेन और मुस्कान शामिल हैं। छात्राओं और ऑटो चालक को सिर, हाथ और पैरों में चोटें आई हैं। हादसे के बाद कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। माधव नगर थाना पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज से कार की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

### बाईक सवार दो युवकों को बस ने उतारा मौत के घाट

**बरही।** थाना अन्तर्गत ग्राम करौंदी कला के समीप मैन रोड पर बाईक सवार दो युवकों को बुधवार सुबह करीब 9 बजे तेज रफ्तार बस क्रमांक Mp 54 Zc 9113 ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों युवकों की घटना स्थल में मौत हो गई। बस लेकर ड्राईवर घटना स्थल से भागा। ग्रामीणों व पुलिस की मदद से करेला के आगे मैन रोड पर बस को पकड़कर खितौली पुलिस चौकी में खड़ा कर दिया गया है। दोनों युवकों की पहचान रामकिशन कोल 18 वर्ष निवासी ग्राम कुड़ी थाना अमरपुर जिला उमरिया एवं सुखलाल कोल 27 वर्ष पिता चुटुवादा कोल निवासी ददरा टोला ग्राम बिचपुरा थाना बरही के रूप में हुई। पुलिस ने मृतकों का शव परीक्षण कराते हुए आगे की कार्यवाही कर रही है।

### आवारा श्वानों और पशुओं के प्रबंधन के लिये नोडल अधिकारी

**कटनी।** सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के पालन में आवारा श्वानों तथा आवारा घुमंतू पशुओं के प्रबंधन तथा रोकथाम हेतु जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने कटनी जिले हेतु जिला स्तरीय नोडल अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह बघेल परियोजना अधिकारी को बनाया है। श्री बघेल मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप दायित्वों और कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।

### युवक के साथ साढ़े 19 लाख रूपये की धोखाधड़ी

**कटनी।** कोतवाली थाना अंतर्गत नई बस्ती क्षेत्र निवासी एक युवक के साथ 19 लाख 50 हजार 878 रुपये की धोखाधड़ी की घटना हुई। पुलिस के अनुसार नई बस्ती जगमोहन दास वार्ड निवासी 31 वर्षीय मोहित छबलानी ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 15 जनवरी 2024 से 2 मई 2026 के बीच अलग-अलग किस्तों में उनके साथ ठगी की गई। मामले में कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा 420 के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस उन बैंक खातों और मोबाइल नंबरों की जांच कर रही है, जिनके जरिए लेनदेन हुआ। पुलिस ने अभी ठगी के तरीके का खुलासा नहीं किया है। शुरुआती जांच में मामला निवेश या ऑनलाइन टास्क से जुड़ी साइबर ठगी का माना जा रहा है। साइबर सेल की मदद से आरोपियों के डिजिटल फुटप्रिंट और लोकेशन ट्रैक की जा रही है।

## नीट पेपर लीक के विरोध में किया प्रदर्शन, इस्तीफे की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नीट पेपर लीक होने के विरोध में आम आदमी पार्टी द्वारा सुभाष चौक में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक, युवा एवं पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। युवाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग उठाई।

प्रदेश कोर कमेटी सदस्य प्रताप सिंह परमार ने कहा कि "देश का युवा रात-रात भर जागकर पढ़ाई करता है, माता-पिता अपनी जिंदगी की जमा पूंजी बच्चों की पढ़ाई में लगा देते हैं, लेकिन भाजपा सरकार की लापरवाही और भ्रष्ट व्यवस्था युवाओं के सपनों को बार-बार कुचल रही है। नीट पेपर लीक केवल एक परीक्षा का मामला नहीं, बल्कि देश के करोड़ों युवाओं के भविष्य की हत्या है। जब लगातार चैथी बार पेपर लीक हो रहा है तो यह साफ है कि सरकार शिक्षा व्यवस्था संभालने में पूरी तरह विफल हो चुकी है। नैतिकता बची है तो शिक्षा मंत्री तुरंत इस्तीफा दें।"

जिलाध्यक्ष एड. अनिल सिंह सेंगर ने कहा कि "22 लाख छात्रों की मेहनत को सत्ता के संरक्षण में चल रहे शिक्षा माफियाओं ने तार-तार कर दिया। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार अपने बच्चों को डॉक्टर बनाने का सपना देखते हैं, लेकिन हर बार पेपर लीक उनके सपनों पर डाका डाल देता है। यह सरकार युवाओं को रोजगार नहीं दे पा रही, ऊपर से उनके भविष्य के साथ भी खिलवाड़ कर रही है। देश का युवा अब चुप नहीं बैठेगा। पार्टी सड़क से संसद तक इस अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ेगी।"

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने "पेपर लीक बंद करो", "युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ बंद करो" एवं "धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो" जैसे नारे लगाए। व आम आदमी कटनी ने मांग की कि पेपर लीक की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्यवाही की जावे तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री नैतिकता के आधार पर स्तीफा दे। विरोध प्रदर्शन के दौरान-प्रदेश कोर कमेटी सदस्य शिवप्रताप सिह परमार जिलाध्यक्ष अनिल सिंह सेंगर जिला उपाध्यक्ष प्रकाश चंद जैन, युवा विंग अध्यक्ष अंकित खटीक, देवीदयाल यादव, कुंवर सिह रघुवंशी, रामसिया गुप्ता, संतोष सिंह, रामरतन नामदेव, राजकुमार कछवाहा, बाबूलाल विश्वकर्मा निकलेश निषाद, कमलेश ठाकुर, मोहित सेन, सन्नी सेन, सुदामा इदनानी, आदि सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### उपार्जन केन्द्रों में परिवहन नहीं होने से बढ़ी परेशानी



समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य चल रहा है लेकिन अव्यवस्थाएं हावी हैं। स्लाट बुकिंग बन्द होने के साथ ही सर्वर की समस्या भी बनी हुई है ओटीपी जाती है किंतु स्लाट बुक नही हो रही है जिसके चलते अन्नदाता पसोपेश में है। बड़े काश्तकारों के स्लाट बुक नही होंने से किसान परेशान हैं। खरीदी केंद्रों में किसानों से उनके गेहूं की खरीदी तो कर ली गई है किंतु गेहूं का परिवहन नही होने से किसानों के खाते में गेहूं विक्रय करने की राशि ही नही आ रही है जिस पर अन्नदाता हताशा की स्थिति में है। परिवहन कार्य में लापरवाही बरती जा रही है जिसके चलते खरीदी केंद्रों में अस्त व्यस्त स्थिति दिख रही है यदि आकस्मिक रूप से मौसम में बदलाव हुआ और बारिश हुई तो शासन को करोड़ों रुपये की छति होने की संभावना हो सकती है। यदि ट्रांसपोर्टर द्वारा समय पर खरीदी केंद्रों से गेहूं का परिवहन कर लिया जाता तो समय पर अन्नदाता के खाते में उसके द्वारा विक्रय की गई गेहूं की राशि खाते में आ जाती। किसानों ने खरीदी केंद्रों से शीघ्र ही गेहूं का परिवहन किये जाने की मांग की है।

## अवैध बोर उत्खनन पर कार्रवाई, वाहन मालिक सहित भू-स्वामियों पर दर्ज होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी द्वारा जिले को जल अभावग्रस्त घोषित कर नवीन नलकूप (बोर) खनन पर लगाये गये प्रतिबंध का उल्लंघन कर नियम विरूद्ध नलकूप खनन के मामले में जिला प्रशासन ने सख्त रूख अपनाया है। एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी ने ग्राम सैदा में अवैध उत्खनन कराने वाले व्यक्तियों, संबंधित भू-स्वामियों तथा खनन में प्रयुक्त वाहन के खिलाफ रीठी थाना प्रभारी को प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। यह कार्रवाई तहसीलदार रीठी एवं पटवारी हल्का नंबर 32 की जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है, जिसमें स्पष्ट रूप से अवैध उत्खनन की पुष्टि हुई है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी द्वारा 25 मार्च 2026 को जारी आदेश के तहत पूरे कटनी जिले को 1 अप्रैल से 30 जून 2026 तक 'पेयजल अभाव ग्रस्त क्षेत्र' घोषित किया गया है। इस अवधि में बिना पूर्व अनुमति किसी भी प्रकार के नए निजी नलकूप खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।

#### अवैध उत्खनन के दो मामलों में होगी एफआईआर

जांच के दौरान सामने आया कि ग्राम सैदा के खसरा नंबर 391/3 (रकबा 0.44 हेक्टेयर) पर 5 मई की रात खुशीराम पिता हिसाबी द्वारा बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के अवैध बोर कराया गया। यह भूमि राजस्व अभिलेखों में खुशीराम, राजाबाई, किशनबाई एवं बूंदाबाई के नाम दर्ज है। इसी प्रकार, खसरा नंबर 860 पर 4 मई की रात दशरथ पिता कपूर लोधी द्वारा अवैध उत्खनन कराया गया, जो वर्तमान में सुरेश पिता किसुवा के नाम दर्ज भूमि है। इन दोनों मामलों में अवैध खनन के लिए प्रयुक्त वाहन क्रमांक केए-51-एमई-9685 के विरुद्ध भी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

प्रशासनिक जांच में पाया गया कि संबंधित व्यक्तियों के पास नलकूप खनन से जुड़ी कोई वैध अनुमति या दस्तावेज उपलब्ध नहीं थे। नियमों के अनुसार, प्रतिबंध अवधि में नलकूप खनन के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य है।

## मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्य हेतु प्राधिकृत अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**कर्मचारियों को विभिन्न प्रक्रियाओं की दी गई विस्तृत जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



मप्र राज्य निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) कटनी के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्य के लिए नियुक्त प्राधिकृत अधिकारियों का प्रशिक्षण बुधवार को नगर निगम कटनी के मेयर इन काउंसिल सभाकक्ष में संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर राकेश कुमार बारी एवं राम भुवन अग्निहोत्री द्वारा प्रदान किया गया। इस दौरान सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी आकाश नीरज सहित नगर निगम के निर्वाचन शाखा प्रभारी जागेश्वर पाठक मौजूद रहे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिनांक 01.01.2026 के आधार पर तैयार प्रारूप मतदाता सूची के निरीक्षण, दावा एवं आपत्तियां प्राप्त करने तथा संबंधित प्रपत्र उपलब्ध कराने संबंधी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही मतदाताओं को फार्म भरने में आवश्यक मार्गदर्शन देने एवं प्राप्त दावों तथा आपत्तियों को निर्धारित प्रतिवेदन सहित संबंधित अधिकारियों तक समयबद्ध रूप से प्रेषित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए जाकर उनकी शंकाओं का समाधान किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि नगर पालिक निगम कटनी क्षेत्र में मतदाता सूची का वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम 15 मई 2026 से 25 मई 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस अवधि में नियुक्त प्राधिकृत अधिकारी आम नागरिकों को मतदाता सूची का निरीक्षण कराने, दावा एवं आपत्तियां प्राप्त करने तथा घर घर जाकर मतदाताओं के सत्यापन का कार्य करने, मृतकों, डुप्लीकेट अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम सूची से हटाने तथा नाम संशोधन की कार्यवाही करते हुए मतदाता सूची का कार्य सुचारू एवं पारदर्शी ढंग से संपादित कराने का कार्य करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्वाचन संबंधी कार्यों को निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुरूप संपादित करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

### कलेक्ट्रेट में वीसी से राज्य स्तरीय आयोजन को बहनों ने देखा और सुना

## लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित की 35 करोड़ रुपये से अधिक की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को नरसिंहपुर जिले के गोटेगाँव में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से लाड़ली बहना योजना के तहत कटनी जिले की 2 लाख 38 हजार 998 लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 36वीं किस्त के तौर पर 35 करोड़ 3 लाख 50 हजार 800 रुपये की राशि का अंतरण किया।

जिले के कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राज्यस्तरीय आयोजन के प्रसारण को लाड़ली बहनों ने देखा और सुना। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास प्रतिभा पाण्डेय, सहायक संचालक वनश्री कुर्वेती सहित अन्य विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी रही।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा कटनी जिले की जनपद पंचायत बड़वारा की 39 हजार 328 पात्र महिलाओं के खाते में 5 करोड़ 76 लाख 79 हजार 200 रुपये अंतरित किये गए। इसी तरह जनपद पंचायत बहोरीबंद की 40 हजार 81 पात्र महिलाओं के खाते में 5 करोड़ 89 लाख 77 हजार 600 रुपये, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की 37 हजार 142 पात्र महिलाओं के खाते में 5 करोड़ 42 लाख 92 हजार 800 रुपये, जनपद पंचायत कटनी की 27 हजार 714 पात्र महिलाओं के खाते में 4 करोड़ 5 लाख 10 हजार 800 रुपये, जनपद पंचायत रीठी की 25 हजार 757 पात्र महिलाओं के खाते में 3 करोड़ 79 लाख 47 हजार 900 रुपये, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ की 34 हजार 813 पात्र महिलाओं के खाते में 5 करोड़ 11 लाख 90 हजार 500 रुपये अंतरित किये। नगर निगम की 28 हजार 120 पात्र महिलाओं के खाते में 4 करोड़ 9 लाख 25 हजार 700 रुपये, नगर परिषद बरही की 2 हजार 297 पात्र महिलाओं के खाते में 33 लाख 80 हजार 700 रुपये, नगर परिषद कैमोर की 2 हजार 269 पात्र महिलाओं के खाते में 32 लाख 79 हजार 900 रुपये तथा नगर परिषद विजयराघवगढ़ की 1 हजार 477 पात्र महिलाओं के खाते में 21 लाख 65 हजार 700 रुपये अंतरित किये।

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना केवल आर्थिक सहायता योजना नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का प्रभावी माध्यम बन गई है।

योजना से महिलाओं के जीवन में व्यापक और सकरात्मक परिवर्तन आए है। नियमित आर्थिक सहायता ने महिलाओं को घरेलू खर्चों के प्रबंधन ने अधिक आत्मनिर्भर बनाया है, जिससे वे अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ बच्चों के पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य पर अधिक प्रभावी ढंग से खर्च कर पा रही है। योजना से प्राप्त राशि ने अनेक महिलाओं को स्व-सहायता समूहों, लघु उद्योगों और स्व-रोजगार गतिविधियों से जुड़ने के लिये प्रेरित किया है। इससे उनकी आय के अतिरिक्त स्त्रोत विकसित हुए है।

## दो ट्रकों से 240 लीटर डीजल चोरी कर ले गये बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

निवार चौकी क्षेत्र के पौनिया रोड स्थित एक पेट्रोल पंप के सामने खड़े दो हाईवा ट्रकों से अज्ञात बदमाशों ने लगभग 240 लीटर डीजल चोरी कर लिया। इस घटना से वाहन चालकों और पेट्रोल पंप मालिकों की चिंता बढ़ गई है। पुलिस के अनुसार ड्राइवर अखिल पांडे और उनके साथी द्वारका प्रसाद नामदेव 4 मई की रात रीवा के बघवार से बॉक्साइट लोड कर जरवाही पहुंचे थे। यूएसजे कंपनी में माल खाली करने के बाद, उन्होंने अपने दोनों हाईवा ट्रक क्रमांक MP 21 ZE 5003 और MP 21 ZE 5090 रात करीब 10:30 बजे पौनिया रोड स्थित दुबे पेट्रोल पंप के सामने खड़े किए और घर चले गए। अगली सुबह जब दोनों ड्राइवर वापस लौटे, तो उन्होंने देखा कि ट्रकों की डीजल टंकियों के ताले टूटे हुए थे। टंकियों में मौजूद पूरा डीजल गायब था। इस पूरी वारदात का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। फुटेज में अज्ञात बदमाश पेट्रोल पंप परिसर के पास खड़े वाहनों से डीजल निकालते हुए दिखाई दे रहे हैं। अनुमान है कि आरोपियों ने देर रात इस घटना को अंजाम दिया। दोनों ट्रकों से कुल 240 लीटर डीजल चोरी हुआ है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 20,000 रुपए है। ट्रक मालिक और फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि वीडियो साक्ष्यों के आधार पर बदमाशों की शिनाख्त की जा रही है और जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### शिक्षा का नवाचार: क्यूआर कोड से अब हर चैप्टर होगा आसान

**कटनी।** जिले में शिक्षा को डिजिटल और सुलभ बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में डाइट कटनी द्वारा कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए एक अभिनव व्यवस्था विकसित की गई है। इस पहल के तहत हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषयों के प्रत्येक चैप्टर के लिए यूट्यूब लिंक एकत्रित कर उनके क्यूआर कोड तैयार किए गए हैं। इन क्यूआर कोड को स्कैन करते ही छात्र और शिक्षक संबंधित पाठ को आसानी से देख, समझ और पढ़ा सकते हैं। डाइट के व्याख्याता राजेन्द्र असाटी ने बताया कि इस नवाचार की खास बात यह है कि जिन स्कूलों में शिक्षकों की कमी है, वहां भी स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से कक्षाएं संचालित की जा सकेंगी। साथ ही, यदि अभिभावकों को भी इसका उपयोग सिखाया जाए तो बच्चे घर पर भी मोबाइल का सकारात्मक और शैक्षणिक उपयोग कर सकेंगे। डाइट कटनी के प्राचार्य ने सभी जिलों से अपील की है कि इन क्यूआर कोड्स को शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों तक पहुंचाया जाए, ताकि अधिक से अधिक बच्चे इसका लाभ ले सकें।

### चोरो ने दो चोरियों में लाखों के जेवरात किये पार

**कटनी।** कुठला और बरही थाना क्षेत्रों में चोरी की दो बड़ी वारदातें हुईं। बदमाश लाखों रुपये के जेवरात और नकदी लेकर चंपत हो गए। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार कुठला थाना क्षेत्र के शंकरगढ़ (पहरूआ) में एक निर्माणाधीन या सूने घर को चोरों ने निशाना बनाया। प्रार्थिया रेशमा परबीन ने पुलिस को बताया कि 11 और 12 मई की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर प्रवेश किया। चोर घर के अंदर रखे सोने-चांदी के पुराने जेवरात और नकदी समेट ले गए। चोरी गई संपत्ति की कुल कीमत लगभग 55,073 रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज किया है। इसी तरह बरही थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 02 राधे-राधे कॉलोनी में रहने वाले सुधीर सिंह रघुवंशी के घर को चोरों ने दिनदहाड़े या सूना पाकर निशाना बनाया। फरियादी के अनुसार अज्ञात आरोपी घर में रखे इस्तेमाल किए जाने वाले सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए, जिनकी अनुमानित कीमत 1,00,000 रुपये है। बरही पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### संचार संकर्म समिति की बैठक 19 मई को

**कटनी।** जिला पंचायत की संचार संकर्म समिति की बैठक 19 मई को दोपहर 1 से जिला पंचायत के सभागार में आयोजित होगी। सचिव एवं प्रभारी कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मेघा मौर्य ने बताया कि बैठक में पूर्व के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा के साथ लोक निर्माण , लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल विकास निगम मंडल शहडोल, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, आदिम जाति कल्याण विभाग कटनी द्वारा विगत दो वर्षों में कराए गए निर्माण कार्यों की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने बताया कि बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, समस्त जनपद पंचायतों के अनुविभागीय अधिकारी, सहायक यंत्री और उपयंत्रियों को निर्धारित अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित होने निर्देशित किया है।

### फिल्म शूटिंग की अनुमति के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**कटनी।** फिल्म पर्यटन नीति 2025 में निहित प्रावधानों के अनुसार कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले में फिल्म शूटिंग की अनुमति के लिए अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। श्री मिश्रा फिल्म पर्यटन नीति के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर आवश्यक सहयोग एवं समन्वय करेंगे। प्रबंध संचालक मप्र टूरिज्म बोर्ड भोपाल द्वारा मप्र फिल्म पर्यटन नीति 2025 लागू किए जाने के फलस्वरुप फिल्म निर्माताओ के लिए मप्र को पहली पसंद बनाना तथा फिल्मों की शूटिंग की समस्त प्रक्रियाओं को सरलीकृत करना है।

---

#### जिले भर में फैला शराब का अवैध कारोबार, गांव गांव पहुंच रही खेप

# शराब का अवैध कारोबार, छुटभईयों पर कार्यवाही, माफिया काट रहे चांदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले भर में शराब की अवैध बिक्री का कारोबार फलने-फूलने लगा है। माफियाओं समेत छुटभैये तस्करों के मन में कानून का कोई भय नहीं रहा। शराब की अवैध बिक्री और पियक्कड़ो की बढ़ती फौज से गांव गांव माहौल अराजक हो चला है। शराब की अवैध बिक्री से जेबें तो अफसर और ठेकेदारों की भर रही है लेकिन शहर से गांव तक नित दिन पियक्कड़ों की बढ़ती फौज से लोगों की घर-गृहस्थी तबाह हो रही है। हालात दिनों दिन ज्यादा बदतर होते जा रहे हैं। नशे के आदी हो चुके नशेड़ी लत को पूरा करने के लिए अपराध करने से भी नहीं हिचकते। चोरी, लूट, डकैती सहित अन्य अपराधों के पीछे काफी हद तक नशा ही कारण साबित हो रहा है। नशे से नशेड़ी की जिंदगी तो बर्बाद होती ही है, परिवार भी कंगाली की कगार पर पहुंच जाता है।

शराब के अवैध कारोबार में सख्त कानून और ज्यादा सजा का प्रावधान न होने से इसका कारोबार सुदूरवर्ती ग्रामों में भी किया जा रहा है। जिन ग्रामों में प्रशासनिक सहूलियतें भी मुश्किल से पहुंच पाती है वहां भी अवैध शराब सहज रूप से मिल जाती है। नशा कारोबारियों ने मोहल्ले-मोहल्ले अपनी दुकाने खोल रखी हैं। नशे के इस कारोबार को लठैतों के दम पर संचालित किया जा रहा है। किसी गांव-मोहल्ले में यदि लोगों द्वारा इसका विरोध किया जाता है तो इन्हीं लठैतों द्वारा अभद्र व्यवहार के साथ मारपीट तक करने में उतारू रहते हैं। पुलिस और आबकारी विभाग के सुस्त रवैया से इनके हौसले भी बुलंद हैं।

### इन स्थानों से जब्त की गई शराब

कोतवाली पुलिस ने झुरही टोला में विनोद सोनकर से 18 पाव देसी प्लेन शराब, कुठला पुलिस ने ग्राम हरदुआ कुचबंदिया मोहल्ला निवासी गणेश कुचबंदिया के पास से 2 लीटर कच्ची शराब, कना फैक्ट्री लमतरा के पास से अखिलेश पटेल निवासी ग्राम मतवार पड़रिया के पास से 17 पाव देसी प्लेन शराब और अशोक कॉल निवासी ग्राम सिघनपुरी के पास से 3 लीटर कच्ची महुआ शराब, अनु चौधरी निवासी ग्राम केवलारी के



पास से 3 लीटर कच्ची शराब, कैलाश निषाद निवासी बड़ी खिरहनी के पास से 3 लीटर कच्ची शराब, छोटू बर्मन निवासी खिरहानी फाटक के पास से 3 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। इसी तरह बहोरीबंद पुलिस ने ग्राम पटुरिया में चंद्रभान कोल के पास से 5 लीटर कच्ची शराब, ग्राम ककरहटा निवासी राजेश सेंगर के पास से 18 पाव देसी प्लेन शराब, उमरिया पान पुलिस ने ग्राम छोटी पौड़ी निवासी मनोज कोल के पास से 19 पाव देसी प्लेन शराब जब्त की है।

ढीमरखेड़ा पुलिस ने ग्राम मुरवारी में बाल गोविंद पटेल के पास से 101 प्लेन एवं 55 पाव लाल मसाला शराब, ग्राम अतरसुमा निवासी ओम प्रकाश मिश्रा के पास से 18 पाव देसी प्लेन शराब, ग्राम सारंगपुर निवासी सोमनाथ पटेल के पास से 16 पाव देसी प्लेन शराब, ढीमरखेड़ा निवासी संजय वंशकार के पास से 6 लीटर कच्ची शराब, ग्राम मेहगांव निवासी राजभान यादव के पास से 15 पाव देसी प्लेन शराब, ग्राम देवरी बिछिया निवासी दुर्गाबाई बर्मन के पास से 15 पाव देसी प्लेन शराब, ग्राम सनकुई निवासी धा बाई लोधी के पास से 5 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। वहीं कैमोर पुलिस ने ग्राम सलैया कौहारी निवासी शिवकुमार चौधरी के पास से 18 पाव देसी प्लेन शराब, बरही पुलिस ने सूरज पटेल के पास से 18 पाव देसी प्लेन शराब, ग्राम लुरमी निवासी ज्ञान दास लोहार के पास से 16 पाव देसी प्लेन शराब, ग्राम केवलारी निवासी राम प्रताप सिंह रघुवंशी के पास से 18 पाव देसी प्लेन शराब, ग्राम बरन मोहगवां निवासी अशोक भूमिया के पास से 18 पाव देसी प्लेन शराब जब्त की है। वहीं बड़वारा पुलिस ने ग्राम ठुठिया सलैया निवासी प्रीतम सिंह के पास से 12 पाव देसी प्लेन शराब जब्त की है।

---

# स्थायी एवं अस्थायी कब्जे हटाने की गई कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर में सुगम यातायात व्यवस्था, नागरिक सुविधाओं एवं आगामी वर्षा ऋतु के दौरान निर्बाध जल निकासी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन द्वारा बुधवार को सिल्वर टॉकीज रोड स्थित व्यस्ततम खोवा मंडी क्षेत्र में व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।

निगम प्रशासन की अतिक्रमण टीम द्वारा की गई इस कार्रवाई के दौरान सड़क एवं नालियों के ऊपर अनाधिकृत रूप से निर्मित दीवार, प्लेटफॉर्म, पट्टी, टीन शेड, तरपाल सहित अन्य स्थायी एवं अस्थायी अतिक्रमण हटाए गए। अभियान के अंतर्गत लगभग 9 दुकानों के सामने से अतिक्रमण हटाकर मार्ग को व्यवस्थित एवं आवागमन के लिए सुगम बनाया गया। कार्यवाही के दौरान रोड के दोनों ओर से लगभग 3 -3 फुट के स्थल को अतिक्रमण मुक्त किया गया। जिससे मार्ग में अतिरिक्त 6 फुट का स्थल आवागमन हेतु उपलब्ध होगा।

निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सड़क और नालियों पर किए गए अतिक्रमण न केवल यातायात व्यवस्था को बाधित करते हैं, बल्कि वर्षा ऋतु के दौरान जल निकासी में अवरोध उत्पन्न कर जलभराव जैसी समस्याओं को भी बढ़ावा देते हैं। इसी को दृष्टिगत रखते हुए निगम द्वारा ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित कर लगातार कार्रवाई की जा रही है, जहां अतिक्रमण के कारण नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ता है।

### कब्जा नहीं करने दी हिदायत

अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि कार्रवाई से पूर्व क्षेत्रीय दुकानदारों को सार्वजनिक मार्ग एवं नालियों पर किए गए अस्थायी अतिक्रमण हटाने हेतु चार दिन पूर्व सूचना प्रदान की गई थी। निर्धारित समयावधि के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर निगम अमले द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की गई।

निगम प्रशासन ने नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की है कि वे सार्वजनिक मार्ग, नालियों एवं शासकीय भूमि पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें तथा शहर को स्वच्छ, व्यवस्थित एवं जलभराव मुक्त बनाने में प्रशासन का सहयोग करें। निगम प्रशासन द्वारा यह अभियान आगामी दिनों में भी निरंतर जारी रखा जाएगा ताकि शहर में सुगम आवागमन, बेहतर स्वच्छता और प्रभावी जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

---

#### भारतीय किसान संघ द्वारा अपर कलेक्टर को सौंपा गया ज्ञापन

# स्लॉट बुकिंग और गेहूं उपार्जन में देरी से किसान परेशान, संख्या बढ़ाने मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की प्रक्रिया में हो रही देरी और स्लॉट बुकिंग की समस्या को लेकर भारतीय किसान संघ, जिला कटनी ने अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा को ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्याओं के निराकरण की मांग की है। भारतीय किसान संघ ने बताया कि जिले में किसानों को गेहूं विक्रय के लिए स्लॉट बुकिंग में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उपार्जन कार्य प्रभावित हो रहा है।

भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र पटेल ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा 15 अप्रैल 2026 से जिले में 77 केंद्रों के माध्यम से उपार्जन की व्यवस्था की



गई है, लेकिन यह व्यवस्था किसानों की संख्या के अनुपात में अपर्याप्त साबित हो रही है। संघ ने मांग की है कि शेष दिनों के लिए आवश्यकता अनुसार उपार्जन केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाए। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 52 हजार 991 किसानों ने पंजीयन कराया है, जिनमें से अब तक 40 हजार 472 किसानों का स्लॉट बुक हुआ है।पिछले शनिवार के बाद से स्लॉट बुकिंग पूरी तरह बंद है। वहीं केवल 23 हजार 477 किसानों से लगभग 95 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी हुई है, जबकि 15 हजार 288 मीट्रिक टन उपज का परिवहन स्वीकृत किया गया है। वर्तमान में धीमी गति से कार्य होने पर शेष किसानों का स्लॉट बुक होना और उपार्जन पूरा होना मुश्किल दिखाई दे रहा है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि 7 मई 2026 की स्थिति में कई उपार्जन केंद्रों पर ट्रैक्टरों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। पटेरी केंद्र में करीब 6 किलोमीटर लंबी लाइन लगने तथा 450 से अधिक किसानों के तीन दिनों से इंतजार में होने की जानकारी दी गई है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि केंद्रों से परिवहन किया गया गेहूं सर्वेयरों द्वारा पास किया जाता है लेकिन वेयरहाउस के कर्मचारियों द्वारा उपज की वापस कर दिया जाता है। भारतीय किसान संघ ने प्रशासन से मांग की है कि स्लॉट बुकिंग, उपार्जन, परिवहन स्वीकृति और भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके और उनकी उपज समय पर खरीदी जा सके।

इस मौके पर ढीमरखेड़ा तहसील अध्यक्ष बंसत मिश्रा सहित पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

---

## 15 दिवसीय आर्ट एंड क्राफ्ट प्रशिक्षण का समापन



स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय उमरिया पान में आयोजित 15 दिवसीय आर्ट एंड क्राफ्ट प्रशिक्षण शिविर का बुधवार को समापन हुआ। विद्यार्थियों के कौशल विकास एवं आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन प्रभारी प्राचार्य डॉ. आरती धुर्वे के निर्देशन एवं कॉलेज की नोडल अधिकारी डॉ. दीपिका जैन के नेतृत्व में किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री एक्सीलेंस महाकौशल कॉलेज जबलपुर के संभागीय नोडल अधिकारी डॉ. अरुण शुक्ला रहे। प्रशिक्षण शिविर में विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की आर्ट एंड क्राफ्ट गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। समापन अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा तैयार हस्तशिल्प एवं कलाकृतियों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई, जिसकी अतिथियों ने सराहना करते हुए विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा की प्रशंसा की। मुख्य अतिथि डॉ. अरुण शुक्ला ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आर्ट एंड क्राफ्ट केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि स्वरोजगार का सशक्त साधन भी है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना का उद्देश्य युवाओं को शिक्षा के साथ किसी न किसी हुनर में दक्ष बनाना है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। प्रभारी प्राचार्य डॉ. आरती धुर्वे ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए भविष्य में भी इस प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन करता रहेगा।

---

# नर्सों को नि:स्वार्थ सेवा के लिये किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा नर्स डे पर जिला अस्पताल में राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन के नेतृत्व मे नर्सों समाज में उनके द्वारा दी जाने वाली निस्वार्थ सेवा के लिए सम्मानित किया गया । इस दौरान डॉक्टर यशवंत वर्मा,नर्स सीता दुबे, उषा चक्रे, मेरी जोसेफ, दुर्गावती पटेल, अर्चना बेनेडिक रूबी हरदा, अमीना सहित अन्य नर्सों को बीके दुर्गा बहन रानी शर्मा द्वारा मुकुट और माला पहनकर सम्मान किया गया।

डॉ यशवंत वर्मा ने नर्सों को शुभकामना देते हुए कहा कि हमारे और आध्यात्मिक के बीच में बहुत ज्यादा फर्क नहीं है क्योंकि हम लोग मरीज की सेवा करते हैं तो हम प्रभु के रास्ते पर ही चल रहे हैं ब्रह्माकुमारी आश्रम से आज हमें यह



सम्मान मिला है उससे हम यह प्रेरणा ने कि हम अपने कार्यों को ईमानदारी और बेहतर तरीके से करेंगे ।

इस अवसर पर बीके लक्ष्मी बहन ने कहा कि इस प्रोफेशन में शामिल लोग गरीबों की सेवा और असहायों की सेवा करते हैं। कितना भी बड़ा धनवान हॉस्पिटल में एडमिट हो जब एक चम्मच पानी चाहिए तो उस समय परिवार काम नहीं आता, ये नर्स और दुआएं काम आती हैं। ऐसी नर्सों को आज हम सैल्यूट करते हैं। वास्तव में नर्स की सेवा मरीज और डॉक्टर के बीच की कड़ी का काम करता है। हम सभी ने कोरोना काल में देखा है, जब अपने परिवार वाले भी समीप आने से डरते थे तो नर्सों ने अथक सेवाएं देकर, त्याग, समर्पण से मानव समाज की सेवा की। वे सच्चे सम्मान के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि सभी सहज राजयोग का अभ्यास अवश्य करें और उस परमपिता परमात्मा को याद कर अपने अंदर शक्ति भरकर असीम ऊर्जा का संचार कर आप सदैव सकारात्मक रहें। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण से हुआ ।

---

#### महापौर जन सुनवाई में 30 आवेदकों ने बताई अपनी परेशानियां

# महापौर ने कहा नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर पालिक निगम द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से प्रत्येक मंगलवार को महापौर जनसुनवाई का आयोजन हो रहा है। मेयर इन काउंसिल सभागार में आयोजित जनसुनवाई में शहर के विभिन्न वार्डों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को लेकर पहुंचे। जनसुनवाई के दौरान नागरिकों द्वारा पेयजल, साफ-सफाई, सड़क मरम्मत, नाली निर्माण, अतिक्रमण, स्ट्रीट लाइट, राजस्व प्रकरण एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कुल 30 आवेदन प्रस्तुत किए गए।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने जनसुनवाई में उपस्थित



प्रत्येक नागरिक की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य नागरिकों को उनकी समस्याओं के समाधान हेतु सरल, पारदर्शी एवं जवाबदेह व्यवस्था उपलब्ध कराना है, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

जनसुनवाई के दौरान कई आवेदनों पर मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर कार्यवाही प्रारंभ कराई गई। महापौर श्रीमती सूरी ने अधिकारियों से कहा कि प्राप्त सभी आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करते हुए निराकरण की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा नागरिकों को समाधान की जानकारी भी समय पर उपलब्ध कराई जाए।

महापौर ने कहा कि जनसुनवाई के माध्यम से नागरिकों को सीधे प्रशासन के समक्ष अपनी बात रखने का अवसर मिल रहा है, जिससे समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनी है। उन्होंने आमजन से अपील की कि नगर निगम द्वारा संचालित इस जनहितकारी पहल का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु जनसुनवाई में सहभागिता सुनिश्चित करें। जनसुनवाई में नगर निगम की विभिन्न शाखाओं के अधिकारी उपस्थित रहे, जिससे प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई की जा सकी।

---

#### जिले में 30 मई तक चलेगा मकान सूचीकरण का कार्य

# जिले के 396 हाउसलिस्टिंग ब्लॉक का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राष्ट्रीय जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार जिले में मकान सूचीकरण का कार्य 30 मई तक किया जा रहा है। मकान सूचीकरण के लिए जिले में 2010 हाउसलिस्टिंग ब्लॉक बनाए गए हैं। मकान सूचीकरण कार्य में जिले के 396 हाउसलिस्टिंग ब्लॉक का कार्य अब तक शत-प्रतिशत पूर्ण हो गया है। इसके अतिरिक्त 1614 ब्लॉक्स में कार्य वर्तमान में प्रगति पर है। मकान सूचीकरण कार्य में अब तक जिले की 10 लाख 90 हजार 604 जनसंख्या कवर हो गई है।

### नागरिकों से क्या पूछा जाएगा

मकान सूचीकरण के दौरान



प्रगणक नागरिकों से कुछ सामान्य और बुनियादी जानकारियां प्राप्त करेंगे, जिनमें मुख्य रूप से शामिल हैं: भवन की स्थिति और परिवार के सदस्यों की संख्या, परिवार के मुखिया का नाम, बुनियादी सुविधाएं जैसे नल कनेक्शन, बिजली, शौचालय/बाथरूम और गैस कनेक्शन, घरेलू संपत्ति जैसे रेडियो/टीवी, केबल कनेक्शन, साइकिल/मोटर साइकिल/कार, परिवार द्वारा उपयोग किया जाने वाला मुख्य अन्न, इंटरनेट, मोबाइल आदि।

### क्या साझा न करें

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनगणना कार्य के दौरान प्रगणक नागरिकों से किसी भी प्रकार के संवेदनशील दस्तावेज या निजी वित्तीय जानकारी की मांग नहीं करेंगे। नागरिक ध्यान रखें कि प्रगणकों द्वारा आधार कार्ड नंबर, पैन कार्ड नंबर या बैंक विवरण नहीं पूछा जाएगा। किसी भी प्रकार का ओटीपी साझा करने की आवश्यकता नहीं है। प्रगणक के घर पहुंचने पर नागरिक अपनी संतुष्टि के लिए उनका आधिकारिक पहचान पत्र अवश्य चेक करें।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे प्रगणकों को सही और सटीक जानकारी प्रदान करें। उन्होंने कहा, ₹जनगणना के आंकड़े भविष्य की विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी नीतियों की आधारशिला होते हैं। इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में हर नागरिक का सक्रिय सहयोग अनिवार्य है।₹ सभी प्रगणक निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने क्षेत्रों में डिजिटल डेटा फीडिंग का कार्य पूर्ण करेंगे, जिससे गणना में पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित हो सकेगी।

---

### स्टैण्ड में बेतरतीब बस खड़े करने लग रहे आरोप

**विजयराघवगढ़।** क्षेत्र में करोड़ों की लागत से बनाये गये बस स्टैंड में अव्यवस्थाओं से परेशानी बढ़ गई है। यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर साथ ही दूरदराज से आने वाले विभिन्न क्षेत्रों की यात्रीगणों, बुजुर्ग, महिलाओं के सुविधा होने के साथ-साथ बसो के खड़ी करने एवं गंतव्य तक आने जाने की पूर्ण व्यवस्था है किंतु बस चालकों एवं स्टॉप की मनमानी से बसों को बस स्टैंड के अंदर नहीं ले जाया जाता फल स्वरुप यात्रा कर रहे बुजुर्गों व महिलाओं को प्रसाधन आदि की अव्यवस्था हो जाती है। साथ ही आने वाली बसों को भी अंदर जाने में मुश्किल हो जाती है। प्रशासन से अपेक्षा है की बसों को बस स्टैंड के अंदर तक जाने आदेशित किया जाए ताकि यातायात व्यवस्था व्यवस्थित बनी रहे।

---

# सड़कों पर मलबा, निर्माण सामग्री डालने वालों पर होगी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगरपालिक निगम द्वारा शहर में निर्माण एवं निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट के वैज्ञानिक प्रबंधन को लेकर सख्ती बरतना शुरू कर दिया गया है। निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि निर्माण कार्यों के दौरान निकलने वाले मलबे, ईंट, कंक्रीट, मिट्टी, पत्थर, टाइल्स एवं अन्य निर्माण अपशिष्ट को सार्वजनिक स्थलों, सड़कों एवं खुले स्थानों पर डालना पूर्णतः प्रतिबंधित है। जारी आदेश में निर्देशित किया गया है कि निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के तहत निर्माण एजेंसियों, भवन निर्माताओं एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण स्थल को चारों ओर से टीन शेड, ग्रीन नेट अथवा कपड़े से ढंकना अनिवार्य होगा, ताकि निर्माण सामग्री एवं धूल आसपास के क्षेत्र में न फैले। साथ ही निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट का उचित एवं वैज्ञानिक तरीके से निपटान सुनिश्चित करना होगा।

### होगी जुर्माना कार्यवाही

निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी भी निर्माण स्थल से उत्पन्न मलबा सड़कों अथवा सार्वजनिक स्थानों पर पाया गया तो संबंधित एजेंसी अथवा व्यक्ति के विरुद्ध अर्थदंड एवं विभिन्न नियमों के अंतर्गत कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। नगर निगम प्रशासन ने सभी निर्माण एजेंसियों, भवन निर्माताओं एवं संबंधित संस्थाओं से आग्रह किया है कि वे पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं जन स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए निर्माण अपशिष्ट के प्रबंधन संबंधी नियमों का गंभीरता से पालन सुनिश्चित करें।

## खबर संक्षेप

### पेट दर्द से परेशान 27 वर्षीय युवक ने की आत्महत्या

**पन्ना।** थाना शाहनगर क्षेत्र के सुगरहा गांव में मंगलवार सुबह एक 27 वर्षीय युवक ने आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार युवक पिछले कई दिनों से पेट दर्द से परेशान था। घटना के बाद गांव में शोक की लहर है। घटना 13 मई 2026 की सुबह करीब 6 बजे की है। मृतक दीपक सोनी पिता विजय कुमार सोनी, 27 वर्ष निवासी सुगरहा सुबह उठकर छत पर बने शौचालय में गए थे। काफी देर तक वापस नहीं आने पर पिता विजय कुमार सोनी ने जाकर देखा तो अंदर से दरवाजा बंद था। आवाज देने पर कोई जवाब नहीं मिला। दरवाजा खोलने पर दीपक को फांसी के फंदे पर लटका पाया। पिता के चिल्लाने पर मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए। परिजन भतीजे राहुल सोनी की चार पहिया वाहन से पड़ोसी गंगाराम यादव व मुकेश कुशवाहा के साथ दीपक को तुरंत सरकारी अस्पताल शाहनगर ले गए। वहां डॉक्टर ने जांच के बाद दीपक को मृत घोषित कर दिया। फरियादी पिता विजय कुमार सोनी, 65 वर्ष ने पुलिस को बताया कि दीपक के पेट में अक्सर दर्द रहता था। प्राइवेट अस्पतालों में दिखाने पर कुछ समय ठीक हो जाता था। पिता को आशंका है कि ष्इसी दर्द से परेशान होकर दीपक ने आत्महत्या की हो। मुझे अन्य कोई शक-संदेह नहीं है। थाना शाहनगर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया। मर्ग क्रमांक 0/26, धारा 194 ठछै के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### युवा संगम रोजगार, स्वारोजगार एवं अप्रेन्टिस मेला का आयोजन 26 मई को

**दमोह।** जिला कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशों के तहत 26 मई दिन मंगलवार को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय जबलपुर रोड दमोह में निशुल्क निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियों द्वारा रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु स्वारोजगार योजनाओं की जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से प्रातः 11 बजे से युवा संगम रोजगार स्वारोजगार एवं अप्रेन्टिस मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें संभावित कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा रोजगार के अवसर/.स्वारोजगार योजनाओं की जानकारी प्रदान कराये जावेगी।

फोरलेन सड़क पर रोजाना बन रही जाम की स्थिति से निपटने एसडीएम ने ली अधिकारियों के साथ बैठक

# सीएमओ ने पुलिस के साथ पहुंचकर दुकानदारों को कार्यवाही की दी चेतावनी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर में दमोह नाका से पन्ना नाका तक एमपी आरडीसी द्वारा बनाई जा रही सड़क में मनमानी के चलते विगत दिनों से रोजाना घंटे जाम लगने से लोग काफी परेशानियां से गुजर रहे थे जिसे संज्ञान में लेते हुए बुधवार को एसडीएम राकेश मरकाम ने एसडीओपी सौरभ त्रिपाठी, तहसीलदार आलोक जैन, सीएमओ राजेंद्र खरे एवं एमपीआरडीसी के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवागमन सुलभ बनाने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि संयुक्त टीमें जाम के संभावित स्थलों का सतत भ्रमण कर आवागमन सुचारू रहे, इस हेतु आज से ही सक्रिय रहें इसके अलावा बैठक में जाम से जुड़े प्रत्येक बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। एसडीएम के निर्देश पर संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी सुधीर बेगी, सीएमओ राजेंद्र खरे ने पुलिस बल के साथ अंधियारा बगीचा, खचना नाका, चंडी जी एवं अस्पताल तक पहुंचकर दुकानदारों को दुकानों के सामने अतिक्रमण कर सामान रखे जाने एवं वाहनों को खड़ा न करने की सख्त चेतावनी देते हुए समझाइश दी अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्यवाही की जावेगी।

# चेक अनादरण प्रकरण में 6 माह के कारावास की सजा

**तेंदूखेड़ा।** न्यायालय श्रीमती शाम्भवी सिंह कोपरिहा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, पाटन, जिला जबलपुर द्वारा सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा तेन्दूखेड़ा विरुद्ध राजेश यादव प्रकरण में दिनांक 28 अप्रैल 2026 को महत्वपूर्ण निर्णय पारित किया गया। न्यायालय ने अभियुक्त राजेश यादव निवासी ग्राम समनापुर को परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा 138 के अंतर्गत दोषसिद्ध पाते हुए 06 माह के साधारण कारावास से दंडित किया है। परिवादी सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा तेन्दूखेड़ा की ओर से शाखा प्रबंधक के माध्यम से परिवाद प्रस्तुत किया गया, जिसकी पैरवी अधिवक्ता अभिषेक अग्रवाल द्वारा की गई। अभियुक्त राजेश यादव पिता रामकुमार यादव, निवासी ग्राम एवं डाकघर समनापुर, तहसील तेन्दूखेड़ा, जिला दमोह की ओर से अधिवक्ता हिरेन्द्र सिंह उपस्थित हुए। अभियोजन के अनुसार अभियुक्त द्वारा बैंक के पक्ष में जारी चेक अनादरित हो गया था तथा विधिक सूचना पत्र दिए जाने के उपरांत भी निर्धारित अवधि में भुगतान नहीं किया गया। न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत मौखिक एवं दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त को दोषी पाया गया। न्यायालय ने अभियुक्त को 06 माह के साधारण कारावास के अतिरिक्त चेक राशि 2,00,000 रुपये पर 9 प्रतिशत वार्षिक दर से संकलित ब्याज सहित कुल 2,36,000 रुपये प्रतिकर के रूप में अदा करने का आदेश दिया है। प्रतिकर राशि जमा न करने की स्थिति में अभियुक्त को अतिरिक्त 01 माह का साधारण कारावास भुगतना होगा। माननीय न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि बैंकिंग लेन-देन में चेक की विश्वसनीयता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है तथा चेक अनादरण वित्तीय अनुशासन को प्रभावित करता है। यह निर्णय वित्तीय लेन-देन में उत्तरदायित्व एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**दमोह।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने आज दमोह, जटाशंकर स्थित कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान क्षेत्रवासियों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं। प्राप्त सभी प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा, हमारा प्रयास है कि जनता को समाधान के लिए भटकना न पड़े। शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक, उसके गांव और घर तक, सरलता से पहुंचे- यही हमारी प्राथमिकता है। जनसेवा और सुशासन के संकल्प के साथ कार्य निरंतर जारी है।

### 15 से 25 मई तक नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों में लिए जाएंगे दावे-आपत्तियां

**दमोह।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत नगरीय निकाय एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण वर्ष 2026 का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार द्वितीय चरण की कार्यवाही अंतर्गत 15 मई से 25 मई 2026 तक नगरीय निकायों में वार्डवार तथा विकासखण्डों की ग्राम पंचायतवार प्राधिकृत कर्मचारियों द्वारा दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। उप-जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर मीना मसराम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नगरीय निकायों एवं विकासखण्डों की ग्राम पंचायतों में 01 जनवरी 2026 की स्थिति में 18 वर्ष या उससे अधिक आयु पूर्ण करने वाले पात्र मतदाताओं से दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

हटा पुलिस ने आरोपी किया गिरफ्तार, हटा पुलिस ने किया खुलासा

# बिन ब्याही नाबालिग के साथ चचेरे भाई ने किया था दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



विगत शनिवार क्षेत्र की एक बिन ब्याही नाबालिग ने सिविल अस्पताल हटा में प्रसव पीड़ा के चलते बेटी को जन्म देने का मामला प्रकाश में आया था जहां पीड़िता की रिपोर्ट पर हटा पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को महज 12 घंटे में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। घटना के संबंध में थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने पत्रकारों की समक्ष खुलासा करते हुए बताया कि विगत 9 मई शनिवार को सिविल अस्पताल द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक बिन ब्याही नाबालिक लड़की को उसके परिजनों द्वारा प्रसव पीड़ा के चलते भर्ती किया गया था जिसने एक बेटी को जन्म दिया जहां पीड़ित नाबालिक के कथनों के आधार पर मामला दर्ज किया गया था। जिसमें पीड़िता ने बताया था रास्ते में चचेरा भाई जो कि अपनी ससुराल में रहता भाभी गर्भवती होने के चलते कामकाज हेतु वह अपने साथ ले गया जहां उसने जबरदस्ती दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया और घटना के संबंध में किसी को जानकारी न देने की धमकी दी गई थी। उसके बाद से वह लगातार दुष्कर्म करता रहा जिससे वह गर्भवती हो गई। शनिवार को प्रसव पीड़ा के चलते परिजनों द्वारा सिविल अस्पताल लाया गया था। हटा पुलिस ने पीड़िता के कथनों के आधार पर आरोपी हरिदास बसोर उम्र 25 वर्ष निवासी कांटी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 216/2026 धारा 65(1), 64(2)( F), 64 (2) M, 351(2) बीएनएस 3/4, 5J(2), 5L, 5N/6 पोक्सो एक्ट का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जिसकी तलाश कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। इस कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया एसडीओपी सौरभ त्रिपाठी के निर्देशन में हटा निरीक्षक सुधीर कुमार बेगी प्रधान आरक्षक अनिल गौतम, महेंद्र कुमार, आरक्षक पवन, सोनू, अभिषेक, शुभा, महिला आरक्षक मोहिनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# स्वच्छता मित्र समाज के नायक - कलेक्टर

समूह बीमा, समय पर वेतन और एरियर भुगतान के दिए निर्देश, दुर्घटना की स्थिति में मिलेगा 10 लाख रुपए का बीमा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा कि जनसुनवाई में आए स्वच्छता मित्रों द्वारा अपनी समस्याएं बताई गई थीं। समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल उनके निराकरण के उद्देश्य से नगर पालिका के सफाई दरोगाओं, सीएमओ नगरपालिका, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण एवं स्वच्छता मित्रों के साथ बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि वर्तमान में स्वच्छता सर्वेक्षण चल रहा है, इसलिए यह आवश्यक है कि सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार का व्यवधान न हो और नगर की छवि बेहतर बने तथा अच्छी रैंकिंग प्राप्त हो। बैठक में स्वच्छता मित्रों ने बताया कि उन्हें वेतन समय पर नहीं मिलता, एरियर भुगतान में भी असमानता है तथा अब तक सुरक्षा किट उपलब्ध नहीं कराई गई है। इसके साथ ही उन्होंने दुर्घटना की स्थिति में बीमा सुविधा की मांग भी रखी। कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि स्वच्छता मित्रों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उनके लिए समूह बीमा कराने का निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत किसी दुर्घटना की स्थिति में प्रभावित कर्मचारी को 10 लाख रुपए तक की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि शासन से मिलने वाली चुंगी क्षतिपूर्ति राशि में विलंब होने के कारण वेतन भुगतान प्रभावित होता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि भोपाल स्तर पर संपर्क कर राशि शीघ्र उपलब्ध कराने का अनुरोध किया जाएगा, ताकि प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में ही वेतन भुगतान सुनिश्चित हो सके।

### छोटे कर्मचारियों को पहले वेतन देने के निर्देश

स्वच्छता मित्रों द्वारा यह भी बताया गया कि अन्य कर्मचारियों को पहले वेतन दे दिया जाता है और उन्हें बाद में भुगतान किया जाता है। इस पर कलेक्टर ने सीएमओ को निर्देशित किया कि सबसे पहले छोटे कर्मचारियों का वेतन भुगतान किया जाए, उसके बाद अन्य कर्मचारियों को भुगतान किया जाए।

### एरियर भुगतान में समानता के दिए निर्देश

बैठक में यह भी सामने आया कि एरियर राशि का 75 प्रतिशत भुगतान कुछ कर्मचारियों को तथा केवल 25 प्रतिशत भुगतान स्वच्छता मित्रो को किया जा रहा है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने निर्देश दिए कि एरियर राशि का समान रूप से 50-50 प्रतिशत भुगतान किया जाए, जिससे कर्मचारियों का मनोबल बढ़ सके।

कलेक्टर श्री यादव ने स्वच्छता मित्रों को समाज का नायक बताते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों के कारण ही नगर स्वच्छ एवं नागरिक स्वस्थ रहते हैं। उन्होंने सभी स्वच्छता मित्रों का आभार व्यक्त किया तथा सभी ने मिलकर नगर को स्वच्छ बनाए रखने की शपथ भी ली।

# गुरू नानक स्कूल के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

वार्षिक परीक्षा सत्र 2025-26 में श्री गुरुनानक हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। कक्षा 12वीं के वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय के मेधावी छात्रों ने शानदार अंक प्राप्त कर सफलता का नया आयाम स्थापित किया। वाणिज्य संकाय में छात्र नितांश जैन ने 95.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं ऋषि दुबे ने 95.40 प्रतिशत एवं आर्जव जैन ने 95.20 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय की उपलब्धियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसी प्रकार विज्ञान संकाय में शालिनी पटेल ने 86.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनामिका पटेल ने 86 प्रतिशत एवं आर्यन शर्मा ने 84.60 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक गणों ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती हर्षा हजारी ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह उत्कृष्ट परिणाम संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि इन छात्रों ने न केवल अपने माता-पिता बल्कि विद्यालय का नाम भी रोशन किया है और वे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशा जताई कि वे आगे भी इसी प्रकार सफलता प्राप्त कर विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन करते रहेंगे।

# आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पीनेस कोर्स का हुआ समापन



**हटा।** वर्तमान भाग दौड़ भरी जीवन शैली में स्वास्थ्य, सक्रियता और खुशहाली भरे जीवन में योग और अध्यात्म बहुत ही सकारात्मक भूमिका निभाते हैं। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए गुरुदेव श्री श्री रविशंकर की संस्था आर्ट ऑफ लिविंग पूरे विश्व में योग और अध्यात्म के माध्यम से अलख जगा रही है। संस्था की हटा इकाई के शिक्षक आशुतोष सुहाने ने बालाजी कंस्ट्रक्शन ऑफिस हटा में आयोजित 6 दिवसीय कार्यशाला में उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि इस आपाधापी से भरे जीवन को सकारात्मक व तनाव मुक्त रखने के लिए हमारे अस्तित्व के सभी स्तरों को जैसे शरीर, मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार, श्वास और आत्म बोध पर साधना, सेवा, सत्संग, प्राणायाम, योग, ध्यान और ज्ञान की कुंजियों के माध्यम से जीवन जीने की कला को सिखाया गया। योग और अध्यात्म का सामंजस्य हमारे जीवन में उतना ही आवश्यक है जितना हमारे अस्तित्व को भोजन योग हमको स्वस्थ बने रहने में मदद करता है, तो अध्यात्म जीवन में सृजनात्मकता के साथ साथ सकारात्मक दृष्टिकोण पैदा करता है। इस शिविर के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने अंतिम दिन कोर्स से प्राप्त अपने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह कोर्स हमारे जीवन को सहजता और प्रसन्नता से जीने की कला सिखाता है। हम सबको योग और अध्यात्म की दिशा में आगे आना चाहिए, ताकि एक स्वस्थ मन और स्वस्थ शरीर को बनाए रख सकें। सभी प्रतिभागी योग, ज्ञान, ध्यान, साधना और अध्यात्म को गहराई से जान पाए और इस कार्यशाला के अंतिम दिवस गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर जी के जन्मदिवस के अवसर पर प्रसाद वितरण के साथ मुक्तिधाम हटा में वृक्षारोपण और सुरभि गौ हॉस्पिटल में गौ माता की बीमारियों हेतु आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग के स्वयं सेवक राजबहादुर पटेल, शरद अठया, अनिल पटेल, आनंद नामदेव, आयुषी ऋतिक गुप्ता, जाग्रति नेमा , अमित सुहाने आदि की सराहनीय सेवा सहभागिता रही।

# छापरवाह में पानी का संकट गहराया

15 दिन से नलों में नहीं आ रहा प्रेशर, पाइपलाइन चोक की आशंका



**बनवार।** जनपद पंचायत जबेरा अंतर्गत ग्राम पंचायत मंनगुवा घाट के ग्राम छापरवाह में पिछले एक पखवाड़े से पेयजल संकट गहराता जा रहा है। ग्रामीणों के घरों में लगे नलों में पानी का प्रेशर इतना कम है कि एक घंटे में एक कुप्पा पानी भी नहीं भर पा रहा। इससे ग्रामीणों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले नयागांव टंकी से बाईपास के जरिए पानी सप्लाई की जाती थी, जिससे नलों में पर्याप्त प्रेशर बना रहता था। लेकिन वर्तमान में बाईपास सप्लाई बंद होने के बाद स्थिति और बिगड़ गई है। गांव में करीब 150 नल कनेक्शन हैं, जिनमें से केवल 35 हाई प्रेशर कनेक्शन तक ही पानी पहुंच पा रहा है, जबकि 100 से अधिक कनेक्शन प्रभावित हैं। स्थिति यह है कि हाई प्रेशर कनेक्शन के आगे लगे लगभग 70 नलों तक पानी का प्रेशर पहुंच ही नहीं पा रहा, जिससे अधिकांश घरों में जल आपूर्ति ठप जैसी हो गई है।

### मेंटेनेंस जारी, लीकेज ठीक पर चोक की तलाश जारी

साइट मैनेजर प्रशांत झा के अनुसार गांव में पेयजल सप्लाई तो हो रही है, लेकिन पाइपलाइन में लीकेज और चोक की समस्या के कारण पर्याप्त प्रेशर नहीं बन पा रहा। पिछले दो दिनों से लगातार सुधार कार्य किया जा रहा है। लीकेज पॉइंट्स को ठीक कर लिया गया है, लेकिन अब तक चोक का सटीक स्थान नहीं मिल पाया है। उन्होंने बताया कि हाई प्रेशर कनेक्शनों का दबाव भी नियंत्रित किया जा रहा है ताकि अन्य कनेक्शनों तक पानी पहुंच सके। साथ ही, गांव के लिए अलग से नई सप्लाई लाइन डालने हेतु प्रस्ताव भेजा गया है, जिसकी स्वीकृति मिलने पर समस्या का स्थायी समाधान संभव होगा।

### बाईपास बंद करने से बढ़ी समस्या

अधिकारियों के मुताबिक नयागांव टंकी से बाईपास सप्लाई इसलिए बंद की गई थी क्योंकि इससे आगे बनवार-घटेरा की टंकियों में पर्याप्त प्रेशर नहीं पहुंच पा रहा था। वहीं, मुवार-झरौली क्षेत्र में बिजली बाधित होने के कारण टंकियां नहीं भर पा रही थीं, जिससे जल संकट और बढ़ गया था। हालांकि अब वहां सप्लाई सामान्य होने लगी है। इधर, गोला पट्टी ग्राम पंचायत के खेड़ार और गोलापट्टी क्षेत्रों में जल आपूर्ति सुचारू रखने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### ग्रामीणों की मांग—जल्द हो स्थायी समाधान

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पाइपलाइन की चोक समस्या दूर कर नियमित और पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि उन्हें इस भीषण गर्मी में राहत मिल सके।

# एनडीपीएस के मामले में न्यायालय ने किया दोषमुक्त

**दमोह।** अभियोजन के अनुसार थाना जबेरा में पदस्थ उपनिरीक्षक एम.पी. सिंह को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम जमुनिया सुल्तानसिंह का लल्लूसींग पिता गुलजार सींग लोधी जमुनिया तिगड्डा पर अवैध गांजा लिये खडा है उसे बेचने के प्रयास में है यदि उसे तत्काल पकड़ा नहीं गया तो वह गांजे को खुर्द-बुर्द या विक्रय कर सकता है तदुपरान्त उपनिरीक्षक एम.पी. सिंह अपने हमराह स्टाफ कल्याण सिंह, पप्पू मिश्रा, अशोक कुमार, बलबिन्दर सिंह, सुरेन्द्र सिंह, रवीन्द्र गौतम इत्यादि स्टाफ के साथ मौके पर रवाना हुये और मौके पर जाकर आरोपी लल्लू सींग से अवैध मादक पदार्थ 750 ग्राम गांजा जप्त किया और आरोपी को गिरफ्तार कर संपूर्ण कार्यवाही मौका पर करके मय मुई माल के आरोपी को उपनिरीक्षक एम.पी. सिंह थाना जबेरा ले आये थे जहां पर मालखाने में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा और तदुपरान्त मामले की विवेचना पूर्ण कर चालान दमोह न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां पर मामले में अमियोजन ने कुल 9 गवाहों की साक्ष्य प्रकरण में प्रस्तुत की थी जिसका दा.प्र.कं. 1322/2019 था।बचाव पक्ष लल्लू सींग लोधी के अधिवक्ता परशुराम पटैल (पी.आर. पटेल) मयंक पटैल, अनूप कुमार, अलका कोष्टी, शुभम आनंद, हरिदास अहिरवाल एडवोकेट्स द्वारा की गई गवाहों से जिरह तथा बहस से संतुष्ट होकर माननीय न्यायालय अनुप्रेक्षा जैन न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी दमोह ने दा.प्र.कं. 1322/2019 में आरोपी लल्लू सींग लोधी को दोषमुक्त कर दिया।

# विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**दमोह।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के कुशल मार्गदर्शन में स्थानीय वन स्टॉप सेंटर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर में जिला न्यायाधीश धर्मेश भट्ट, विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, प्रशासक अन्जू सिंह भदौरिया, वन स्टॉप सेंटर सहित महिलायें उपस्थित रही। जिला न्यायाधीश धर्मेश भट्ट, दमोह द्वारा उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुये बताया कि महिलाओं के साथ घर के अंदर होने वाली हिंसा से बचाव के लिए घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियिम निर्मित किया गया है जिसके अंतर्गत महिलाओं को घर के अंदर शारीरिक, मानसिक, मौखिक, भावनात्मक एवं आर्थिक हिंसा से संरक्षण प्रदान किया गया है, पीड़ति महिला के पक्ष में विभिन्न आदेश पारित किये जा सकते हैं, साथ ही आपने घरेलू हिंसा, ऐसिड अटैक, अपराध पीड़ति प्रतिकर योजना के बारे में जानकारी दी। रजनीश चौरसिया, दमोह द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता योजना के संबंध में जानकारी देते हुये बताया कि यदि किसी महिला को न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत करने में अधिवक्ता की आवश्यकता है और वह अधिवक्ता नियुक्त करने में सक्षम नहीं है तो अपना आवदेन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत करने पर निःशुल्क अधिवक्ता प्रदान किये जाने के संबंध में प्रक्रिया समझाई गई, साथ ही आपने मीडिएशन प्रक्रिया, निःशुल्क विधिक सहायता हेल्पलाईन नंबर 15100 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। शिविर में उपस्थित महिलाओं से चर्चा कर उन्हें उचित कानूनी सलाह प्रदान की गई।




# कृषि मंडी में अव्यवस्थाएं फिर भी कार्यवाही नहीं

**पथरिया।** जिलें में दूसरे नंबर की कृषि उपज मंडी जहां पथरिया के अलावा अन्य तहसील के किसान अपनी उपज लेकर बड़ी संख्या में आते हैं जिससे कि आवक अच्छी होती है लेकिन उसके बाद भी मंडी प्रशासन द्वारा किसानों को सुविधाओं के नाम पर मात्र खानापूर्ति हो रही है। मंडी में व्यापारियों के सामने मंडी प्रशासन का कोई नियंत्रण नही ऐसे लगता है। कोई भी जानकारी मंडी कार्यालय से मांगी जाए तो समय सीमा भले दी जाए पर अमल नही होता। हालात यह है कि अगर कोई किसान मंडी में व्यापारियों की शिकायत करें तो किसान के सामने व्यापारियों को फोन लगा कर समस्या खत्म कर दी जाती उसके बाद किसान व्यापारी के चक्कर लगाने लगता है जिससे ऐसा लगता है मानो मंडी प्रशासन की कोई बात सुनता ही नही हो। कागजों पर सुविधाओं के नाम पर केशबुक में साफ सफाई, विधुत सामग्री के बिल लग रहें हों पर हकीकत जब मंडी में पहुंचे तब पता चलता है साफ सफाई देखना हो तो सबसे पहले कार्यालय में ही दिख जाएगी जबकि मंडी में पर्याप्त मात्रा में कर्मचारी हैं पर कोई मंडी में सिर्फ ठेका पर रखें कर्मचारी रहते हैं वाकि कहां रहते और वेतन कैसे मिल रहा है यह तो लेखापाल जाने पर इतना जरूर सुनने में आया है कि भले सप्ताह में 5 दिन मंडी कार्यालय खुला रहा है पर नियमित कर्मचारी कभी भी पूरे नही आते समय सीमा में फिर भी वेतन पूरा दिया जा रहा मंडी सिर्फ ठेका के कर्मचारी चला रहें हैं वाकि सब भगवान भरोसे चल रहा है। जिला कलेक्टर से मांग है कि कृषि उपज मंडी में आकस्मिक निरीक्षण बिना किसी सूचना के निष्पक्ष जांच हो।

### पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, तीसरा फरार

# पुरानी पारिवारिक रंजिश के चलते गाड़ी से कुचलकर की गई थी देवेंद्र की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





दमोह सागर रोड पर नर्सरी के सामने मंगलवार शाम भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजपूत की स्कॉर्पियो से कुचलकर हिट एंड रन हत्या के मामले में दो आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर लिया है वही तीसरे आरोपी की तलाश जारी है। बुधवार को दोपहर में दो आरोपियों के सरेंडर करने की खबर सामने आई थी। वही शाम को एसपी आनंद कलादगी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके दो आरोपियों की गिरफ्तारी की जानकारी देते हुए घटनाक्रम को लेकर खुलासा किया। मामले में गिरफ्तार आरोपी तथा मृतक एक ही गांव वरमासा के निवासी के निवासी है तथा इनके बीच मे लंबे समय से पारिवारिक रंजिश विवाद चल रहा था। पिता का बदला लेने बेटो ने यह खौफनाक क्राईम किया है। जिसकी परिणीति स्वरूप मंगलवार को स्कॉर्पियो गाड़ी से कुचलकर देवेंद्र सिंह राजपूत की नृशंष हत्या कर दी गई थी। इधर इस सनसनी खेज घटनाक्रम को लेकर जारी पुलिस विज्ञप्ति के अनुसार गाडी से कुचलकर देवेंद्र सिंह राजपूत पिता गजराज सिंह उम्र 42 साल नि. ग्राम बरमासार थाना दमोह देहात की हत्या के प्रकरण अप. क्र.-292/26 धारा 103(1), 3(5) बीएनएस.का 24 घंटे की अवधि में खुलासा कर दिया गया है। मामले में बरमासा निवासी दुर्गेश सिंह राजपूत के दोनों पुत्र आरोपी वैभव सिंह 27 वर्ष एवं विशाल सिंह राजपूत 25 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि तीसरा आरोपी अभिषेक सिंह राजपूत पिता नरेश सिंह तीनों नि. बरमासा थाना दमोह देहात फिलहाल फरार है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त स्कोर्पियो वाहन MP04 SJ 0999 को कल ही जप्त कर लिया था। दिनांक 12/05/2026 को सागर दमोह रोड पर आरोपीयान द्वारा एक राय होकर हत्या करने की नियत से स्कोर्पियो क्रं. MP-04-SJ-0999 से मोटर साईकिल में टक्कर मारकर, कुचलकर देवेन्द्र सिंह राजपूत पिता गजराज सिंह राजपूत उम्र 42 साल निवासी ग्राम बरमासा थाना दमोह देहात की हत्या करने की सूचना प्राप्त हुई थी। थाना दमोह देहात में उक्त सूचना पर प्रकरण पंजीबद्ध कर टीम गठित कर आरोपियान की गिरफ्तारी एवं वाहन स्कोर्पियो क्रं. MP-04-SJ-0999 की जप्ती की गयी एफएसएल टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। उक्त प्रकरण में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये गये। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय, के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक महोदय के नेतृत्व में टीम द्वारा घटना का खुलासा कर गिरफ्तारी कर 24 घंटे में खुलासा किया गया।आरोपियान द्वारा पूर्व रंजिश पर से घटना को अंजाम दिया गया था। फरार आरोपी अभिषेक सिंह राजपूत कि गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गई। पुलिस टीम - निरी. अमित गौतम, उप निरी. विक्रम सिंह दांगी, उप निरी. रोहित द्वेदी, सउनि रमाशंकर मिश्रा, सउनि अकरम खान द्वारा मेहनत कर आरोपियान की गिरफ्तारी कर 24 घंटे में घटना का खुलासा किया गया।

# जिले में पहली बार 20 गैस एजेंसियों पर एक साथ कार्यवाही, 2138 सिलेंडरों का मिला अंतर



### उज्ज्वला योजना के 22 कार्ड समेत 23 कार्ड जब्त, कलेक्टर ने दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले में गैस एजेंसियों की अनियमितताओं को लेकर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक साथ 20 गैस एजेंसियों का निरीक्षण कराया। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने बताया कि उपभोक्ताओं से शिकायतें मिल रही थीं कि गैस एजेंसियों द्वारा सिलेंडर समय पर नहीं दिए जा रहे हैं, अधिक राशि वसूली जा रही है।

कलेक्टर श्री यादव ने बताया कि रात में ही रणनीति बनाकर सुबह 10 बजे जिले की सभी 20 एजेंसियों पर एक साथ कार्रवाई शुरू कराई गई। इसके लिए 21 जांच दल गठित किए गए थे। साथ ही उज्ज्वला योजना के कार्डों के दुरुपयोग की शिकायत पर अलग से एक विशेष दल भी भेजा गया।

### 15 एजेंसियों में मिली गड़बड़ी

प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में 15 गैस एजेंसियों में अनियमितताएं सामने आई हैं। जांच के दौरान कुल 2138 सिलेंडरों का अंतर पाया गया। स्टॉक रजिस्टर में दर्ज सिलेंडरों की संख्या और वास्तविक उपलब्ध सिलेंडरों में अंतर मिला है। कुछ जगह सिलेंडर कम पाए गए तो कुछ स्थानों पर अधिक संख्या दर्ज मिली।

### महावीर हार्डवेयर ट्रेडर्स से मिले उज्ज्वला कार्ड

तेंदूखेड़ा के 27 मील पर स्थित महावीर हार्डवेयर ट्रेडर्स पर कार्रवाई के दौरान 23 कार्ड जब्त किए गए, जिनमें 22 उज्ज्वला योजना के कार्ड और एक सामान्य गैस कनेक्शन कार्ड शामिल है। कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि उज्ज्वला योजना के कार्ड संबंधित हितग्राहियों के पास होने चाहिए थे, लेकिन वे किसी अन्य व्यक्ति के कब्जे में पाए गए। आशंका है कि इन कार्डों का दुरुपयोग कर महंगे दामों पर सिलेंडर बेचने का प्रयास किया जा रहा था।

### आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत होगी कार्रवाई

कलेक्टर श्री यादव ने स्पष्ट किया कि जिन एजेंसियों में सिलेंडरों का अंतर और अन्य अनियमितताएं मिली हैं, उनके खिलाफ द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस प्रदाय आदेश 2000 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने गैस एजेंसी संचालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि उपभोक्ताओं के साथ किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी, अधिक कीमत वसूली या नियम विरुद्ध सिलेंडर वितरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### आगे भी जारी रहेगी जांच

कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि विस्तृत रिपोर्ट आने के बाद गंभीर मामलों में और कठोर कार्रवाई पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में पहली बार एक ही समय पर सभी एजेंसियों की जांच होने से वास्तविक स्थिति सामने आई है। यदि अलग-अलग कार्रवाई होती तो अन्य एजेंसियां अपनी व्यवस्था सुधार लेतीं और वास्तविक अनियमितताएं सामने नहीं आ पातीं।

# तेंदूखेड़ा के ग्राम सेहरी में विवाद के बाद युवक की मौत, गोली चलने का आरोप

**तेंदूखेड़ा/झलौन।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेहरी में मंगलवार देर रात दो पक्षों के बीच हुए विवाद के बाद एक 45 वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान चन्द्रभान यादव पिता बाल गोबिंद यादव निवासी ग्राम सेहरी के रूप में हुई है। घटना रात्रि लगभग 11 बजे की बताई जा रही है। परिजनों ने विपक्षी पक्ष पर देसी कट्टे से फायरिंग करने का आरोप लगाया है, जबकि पुलिस ने मामले को संदिग्ध मानते हुए पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की बात कही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव में ढाबे पर मुरम डालने को लेकर विवाद की स्थिति बनी थी। मृतक के बड़े भाई एवं पूर्व सरपंच अनिल यादव ने बताया कि उनका भाई जवाहर यादव और उसका पुत्र ट्रैक्टर-ट्रॉली से घर के लिए मिट्टी ला रहे थे। इसी दौरान गांव के कुछ लोग उनके घर पहुंचे और ट्रैक्टर को ढाबे की पुराई के लिए ले जाने की बात कही। समयाभाव और वन भूमि में वाहन पकड़े जाने की आशंका के चलते जवाहर यादव ने वहां मिट्टी डालने से इनकार कर दिया, जिसके बाद दोनों पक्षों में विवाद बढ़ गया।

आरोप है कि जब जवाहर यादव मिट्टी लेकर वापस लौट रहे थे, तब रास्ते में ट्रैक्टर रोककर उनके साथ मारपीट की गई। शोर सुनकर चन्द्रभान यादव मौके पर पहुंचे, जहां दोनों पक्षों के बीच विवाद और गाली-गलौज जारी थी। परिजनों का आरोप है कि इसी दौरान दिनेश यादव ने देसी कट्टे से फायरिंग की, जिसके बाद चन्द्रभान यादव मौके पर गिर पड़े। गंभीर हालत में उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना के बाद आरोपी मौके से फरार बताए जा रहे हैं। मामले का एक वीडियो भी सामने आया है, हालांकि अंधेरा होने के कारण दृश्य स्पष्ट नहीं हैं, लेकिन विवाद और गोली चलने जैसी आवाजें सुनाई दे रही हैं। सूचना मिलने पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की गई।

एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदौरिया ने बताया कि प्रथम दृष्टया मृतक के शरीर पर गोली लगने या गंभीर चोट के स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं। वहीं पुलिस अधीक्षक दमोह आनंद कलादगी ने कहा कि घटना की सूक्ष्मता से जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि होने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर संबंधित लोगों के बयान दर्ज करना शुरू कर दिया है।

# शादी से वापिस लौट रहे मोटर साइकिल सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, एक की मौत, दो घायल

**तेंदूखेड़ा।** नगर से 2 किलोमीटर दूर तारादेही मार्ग पर चैरई के पास बुधवार दोपहर 12 बजे शादी से वापिस लौट रहे मोटरसाइकिल सवार 2 लोगों एवं बच्ची को अज्ञात वाहन से टक्कर मार दी। जिससे मौके पर हल्लू पिता हरिप्रसाद गोस्वामी 45 निवासी मनका इमलिया चैकी की मौत हो गई साथ ही राजू पिता संतसिंह गौड़ 40 निवासी हाथीडोल एवं राजू के साले की 6 वर्ष की बेटी रेशु भी घायल हो गई दोनों को मामूली चोटें आई हैं जिनका इलाज नगर के स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा हैं। घायल राजू ने बताया कि हम लोग घाना जबेरा तहसील से शादी के बाद हाथीडोल ग्राम जा रहे थे। मृतक हल्लू भी मेरे साथ शादी में गए थे हल्लू पिछले कुछ दिनों से ग्राम धनगौर में रहने लगा था ठाकुर बस में हेल्पर का काम करता था। हमारे परिवार के साथ कई वर्षो के संबंध हैं मेरे कहने पर हम लोगों को हाथीडोल पहुंचाने जा रहे थे तभी चैरई के पास अज्ञात वाहन ने सामने से टक्कर मार दी। जिससे सडक पर जा गिरे हल्लू हेलमेट नहीं पहने था टक्कर के बाद वाहन मौके से भाग निकला। सडक से गुजरे रहे एक वाहन चालक ने सभी को नगर के अस्पताल पहुंचाया। मृतक हल्लू के परिजनों को पुलिस द्वारा सूचना दी गई लेकिन शाम तक कोई भी अस्पताल नहीं पहुंचा। भाई ने कहा कि सुबह 8 बजे आएंगे। उसके बाद ही पोस्टमार्टम किया जाएंगा। पुलिस ने मामला कायम कर जांच में लेकर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी हैं।

### आम सूचना

शपथकर्ता सोहिल खान पिता सब्बीर खान उम्र 28 बर्ष सा. बटियागढ तहसील बटियागढ जिला दमोह ने शपथ पूर्वक किया है कि मेरी पुत्री अरबीन खान ना.बा. उम्र 05 बर्ष के नाम से पोस्ट आफिस बटियागढ मे सुकन्या समृद्धि योजना के अन्तर्गत खाता खुला हुआ है। जिसमे मेरी पुत्री का नाम आरीफा खान त्रुटिवश दर्ज करा दिया गया था। जबकि आधार जन्म प्रमाण पत्र अन्य दस्तावेजो मे मेरी पुत्री का नाम अरबीन खान दर्ज है। यह कि आरीफा खान एवं अरबीन खान दोनो नाम मेरी पुत्री के ही है। अत: मेरी पुत्री को अरबीन खान के नाम से ही जाना पहचाना जावे एवं खाते में भी यही नाम दर्ज हो।

शपथकर्ता

